an>

Title: Need to commence air services from Sabeya Airfield in Gopalganj Parliamentary Constituency, Bihar.

**डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज):** महोदया, धन्यवाद । मैं इस सदन के माध्यम से सबेया एयरफील्ड, जो कि मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज के हथुआ अनुमंडल मुख्यालय में स्थित है, की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ । सबेया एयरफील्ड 517 एकड़ में फैला हुआ है एवं यह कई दृष्टि से स्ट्रेटीजिक लोकेशन पर है । एयरफोर्स स्टेशन गोरखपुर इसका स्टैन्डिंग रनवे के रूप में उपयोग कर सकता है एवं बंद पड़े सबेया एयरफील्ड को हमारे प्रधान मंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना "उड़ान" स्कीम के तहत हवाई सेवाएं शुरू करने के लिए मंजूरी दी जा सकती है ।

महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज एवं आस-पास के जिलों से सर्वाधिक संख्या में लोग खाड़ी देशों में आते-जाते हैं । सबेया एयरफील्ड से उड़ान सेवा शुरू करने से वहाँ के विकास की गति तेज होगी, रोजगार मिलेगा एवं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा । साथ ही साथ पड़ोसी जिलों सिवान, छपरा, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण एवं देवरिया को भी सर्वाधिक लाभ होगा । मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में विदेशी मुद्रा का आगमन भी देश के कई जिलों से बेहतर है ।

अत: मैं माननीय रक्षा मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि सबेया एयरफील्ड को एयरफोर्स स्टेशन गोरखपुर की देख-रेख में चालू कराया जाए और सबेया एयरफील्ड का रनवे चालू होने के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा इसकी रेगुलर देख-रेख एवं ऑपरेशनल एक्टिविटी चालू की जाए । धन्यवाद ।